कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 29-10-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण व पैदल गश्त कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **"धनतेरस व दीपावली पर सर्राफा की दुकानों व बाजारों में सुरक्षा के दृष्टिगत लगाई गई है अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी, सादे वस्त्रों में भी तैनात किये गये हैं पुलिसकर्मी"- सीपी।**
- **अन्नपूर्णा मंदिर परिसर का भ्रमण कर स्वर्ण प्रतिमा दर्शन हेतु आये दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन व सुरक्षा हेतु की गई व्यवस्था का किया गया निरीक्षण।**
- **प्रमुख मार्गों, चौराहों व बाजारों आदि में पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की, की गई सघन चेकिंग।**
- **सभी अधिकारीगण को दिये गये हैं स्पष्ट निर्देश- क्षेत्र में लगातार रहे भ्रमणशील, छोटी से छोटी सूचना पर भी हो त्वरित रिस्पांस।**
- **पटाखा गोदाम/दुकानों की सघन जाँच कर सुरक्षा मानकों का हो शत-प्रतिशत पालन, पटाखा बिक्री स्थल पर मौजूद रहेंगे फायर ब्रिगेड के जवान।**

आज दिनांक 29.10.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा धनतेरस, दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण व पैदल गश्त की गयी एवं अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में स्वर्ण प्रतिमा दर्शन हेतु आये दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन व सुरक्षा हेतु की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान लहुराबीर, चेतगंज, नई सड़क, गोदौलिया, रामापुरा, जंगमबाड़ी, भेलूपुर, लंका, दुर्गाकुण्ड, चेतमणि, रथयात्रा आदि क्षेत्रों में भ्रमण व पैदल गश्त कर सर्राफा बाजार की दुकानों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को आभूषण की दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आस-पास अतिरिक्त सतर्कता बरतने व संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी समेत सुरक्षा, सतर्कता व निगरानी बरतने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव बंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन सुश्री नीतू, सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसबल मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।